प्रादेशिक समाचार
01.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. कैबिनेट ने केंद्रीय कर्मचारियों के डीए में तीन प्रतिशत की बढ़ोत्तरी को दी मंजूरी, बढ़ोत्तरी 1 जुलाई 2025 से होगा लागू, 57 नये केंद्रीय विद्यालय पर भी लगी मुहर।
2. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा–महिलाएं 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में भारत की यात्रा का कर रही हैं नेतृत्व।
3. भारतीय डाक विभाग की 171 वर्षों पुरानी रजिस्ट्री पत्र सेवा बंद, आज से स्पीड पोस्ट में पंजीकरण के रूप में मिलेगा रजिस्ट्री पत्र सेवा का विकल्प।
4. राज्यपाल संतोष गंगवार श्री गुरू तेग बहादुर जी के 350वीं शहादत शताब्दी वर्ष पर आयोजित जागृति यात्रा में हुए शामिल–कहा उनके आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत।
5. राज्यभर में महानवमी पर पंडालों में उमड़ा जनसैलब, जैप के जवानों ने अस्त्र पूजन कर मां को दी सलामी। कल विजयादशमी के मौके पर होगा रावण दहन, तैयारी पूरी।

*******************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। यह बढ़ोतरी एक जुलाई 2025 से लागू होगी। जुलाई, अगस्त और सितंबर का बकाया अक्तूबर के वेतन के साथ दिया जाएगा। श्री वैष्णव ने बताया कि दालों का उत्पादन बढाने के लिए अगले छह महीनों की योजना को स्वीकृति दी गई है। रबी सीजन की एमएसपी बढाने का भी निर्णय लिया गया है। उन्होंन बताया कि देशभर में 57 नए केंद्रीय विद्यालय खोले जाएंगे। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर जश्न मनाने का भी फैसला लिया गया है।

*******************

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा है कि कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह जैसी महिलाएं विकसित भारत की ब्रांड एंबेसडर हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में भारत की यात्रा का नेतृत्व कर रही हैं। श्री सेठ ने नई दिल्ली में सैन्य नर्सिंग सेवा के 100वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हालिया मन की बात कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और रूपा ए की दूसरी नाविका सागर परिक्रमा के अंतर्गत आठ महीने की यात्रा की प्रशंसा की है।

*******************

भारतीय डाक विभाग की 171 वर्ष पुरानी रजिस्ट्री पत्र सेवा अब इतिहास बन गई है। कल ही वह सेवा बंद हो गया। आज से रजिस्ट्री पत्र सेवा का विकल्प स्पीड पोस्ट में पंजीकरण विकल्प के रूप में मिलेगा। वरिष्ठ प्रधान डाकपाल, रांची जी.पी.ओ. दीवाकर प्रसाद ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री पोस्ट भारतीय डाक का गौरवशाली अध्याय रहा है, लेकिन अब इसका आधुनिक स्वरूप स्पीड पोस्ट के रूप में और तेज़ और सुरक्षित सेवा देगा।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बुधवार को श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत शताब्दी वर्ष के अवसर पर रांची के गुरु नानक स्कूल में आयोजित 'जागृति यात्रा' कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने शबद कीर्तन का श्रवण किया और मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने धार्मिक स्वतंत्रता, मानवता और सत्य की रक्षा के लिए अपना

बलिदान दिया। उनका जीवन पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। नई पीढ़ी को उनके आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए।

*******************

राजधानी रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र के एक रिसॉर्ट में हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। रांची के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने बताया कि पूरी घटना हर्ष फायरिंग से जुड़ी है, कुछ लोगों ने रिसॉर्ट को पार्टी के लिए बुक किया था।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अब लोग जीएसटी सुधारों का लाभ ले सकते हैं जो 22 सितम्बर से लागू हो गए हैं। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को पर्याप्त राहत प्रदान कर रहे हैं। आज हम बात करेंगे हस्तशिल्प वस्तुओं पर जीएसटी कटौती के बारे मे।

*******************

रांची के डोरंडा स्थित झारखंड सशस्त्र पुलिस कैंप में मां दुर्गा के उपासक गोरखा जवानों का नौ दिनों का अनुष्ठान महानवमी के दिन 101 बलि और फायरिंग के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। महानवमी के अवसर पर गोरखा जवानों ने शस्त्रों की भी पूजा की। जवानों ने मां के चरणों में हथियार को अर्पण किये, साथ ही मां को फायरिंग कर सलामी दी।

*******************

विजयदशमी के मौके पर रांची के मोरहाबादी में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम का उद्‌घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। वहीं एचईसी स्थित शालीमार मैदान में कल रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्‌घाटन स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी करेंगे।

*******************

हजारीबाग के दो पंडाल आकर्षण का केंद्र बिंदु बना हुआ है।

*******************

जामताड़ा जिले के विभिन्न पूजा पंडालों में आज नवमी के दिन मां दुर्गा के प्रतिमा का दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। जिला पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

*******************

40 वर्ष से अधिक उम्र सीमा के हॉकी खिलाड़ियों के लिए पहली बार एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में आयोजित फर्स्ट हॉकी सिमडेगा मास्टर कप 2025 पुरुष में आज चौथे दिन दो सेमीफाइनल मैच हुए। जिसमें पहले सेमीफाइनल मैच में रेंगारी ने बांसपहार कोचेडेगा को तीन शून्य से और दूसरे सेमीफाइनल मैच मेंमरियमपुर ने सिमडेगा पूर्वी को तीन शून्य से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

*******************

राज्य के सभी स्थानों पर कल से अगले तीन दिनों तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। यह स्थिति बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण पैदा हुई है। मौसम विभाग ने इस दौरान राज्य के कुछ जिलों में भारी बारिश होने की भी आशंका व्यक्त की है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है।

*******समाप्त********